दिनांकः 25.08.2017

प्रिय अभिभावकगण,

जैसा कि आपको विदित है कि जीएलए, विश्वविद्यालय के रूप में पिछले 7 वर्षों से एवं संस्थान के रूप में पिछले 20 वर्षो से उ०प्र० के अग्रणी शिक्षा संस्थानो एवं विश्वविद्यालयों की सूची में आता रहा है।

विश्वविद्यालय का प्रबन्ध तन्त्र, शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण पूर्ण लगन के साथ शिक्षा का उच्च स्तर, विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। जैसा कि आपको विदित है फरवरी 2017 में जीएलए विश्वविद्यालय को NAAC द्वारा 'A' ग्रेड प्रदान किया गया है।

मुझे अत्यंत खेद एवं निराशा के साथ आपको अवगत करना पड़ रहा है कि विगत रात्रि यानि दिनांक 24 अगस्त 2017 को बी.टेक. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा जो व्यवहार प्रदर्शन किया गया वह अत्यन्त अनुशासनहीनता के साथ-साथ अशोभनीय था। यहाँ तक कि विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों की उपस्थिति में जिस तरह का व्यवहार इन छात्रों अर्थात आपके पुत्र/पुत्री ने किया है वह अत्यन्त कष्टकर था।

स्नातक के तृतीय वर्ष के छात्रों से जहाँ अपेक्षा की जाती है कि वे गहन सोच, समस्या निवारण, श्रेष्ठ संवाद कला आचरण के साथ-साथ टीम प्लेयर आदि जैसे गुणों का विकास करें उसके विपरीत वे किन्हीं दो चार विद्यार्थियों जिन्हें अपने भविष्य की चिन्ता नहीं है, के कहने में आकर अपना भविष्य खराब करने से भी नहीं हिचकिचाते हैं।

ज्ञात है कि प्लेसमेंट कम्पनियों का आगमन इसी महीने से प्रारम्भ हो जाता है। मात्र दो विद्यार्थियों के बीच हुई छोटी सी नोकझोक के कारण सारे तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों का इकट्ठा होकर अनुशासनहीनता के कृत्यों में लिप्त हो जाना निश्चित ही हमारे और आपके लिए चिन्ता का विषय है। हिंसक भाषा, अमर्यादित आक्रामक प्रदर्शन एवं कानून को अपने हांथ में लेने की जिद भी शामिल है।

आपका पुत्र/पुत्री हो सकता है कि इसमें लिप्त न हो लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूँ कि तृतीय वर्ष के लगभग सभी विद्यार्थी इस अनुशासनहीनता और अशोभनीय व्यवहार में शामिल थे। (आप विश्वविद्यालय आकर वीडियो रिकार्डिंग भी देख सकते हैं)|

जीएलए विश्वविद्यालय पूर्णतया विद्यार्थी केन्द्रित है और निरंतर विद्यार्थियों के हित में कार्य करती है। अतः विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए साक्ष्यों के आधार पर (जैसे विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की निरन्तर चेतावनी देने के उपरांत भी विद्यार्थियों का शान्त न होना तथा उनके द्वारा उपद्रव एवं तोड़फोड़ किये जाने की वीडियो रिकार्डिंग हुई है) घटना में सम्मिलत विद्यार्थियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्णय लिया है। ऐसी स्थिति में यदि आपका पुत्र/पुत्री सम्मलित पाये जाते हैं तो उस स्थिति में आपको विश्वविद्यालय में बुलाया जायेगा। आपसे अपेक्षा है कि आप विश्वविद्यालय के अनुशासन को बेहतर करने में हमारा सहयोग करेंगे क्योंकि निश्चित ही आपने विश्वविद्यालय में अच्छे जीवन मूल्य, अच्छी शिक्षा और अच्छे रोजगार प्राप्ति के लिए ही प्रवेश दिलाया है। अनुशासनहीनता एवं अवज्ञा करने वाले विद्यार्थी निश्चित ही सामान्य विद्यार्थी होने का अधिकार खो देते हैं।

उपरोक्त घटना की जाँच करने हेतु विश्वविद्यालय ने एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है जोकि पाँच दिनों में साक्ष्यों के आधार पर अपनी रिपोर्ट देगी।

आप अपने पुत्र/पुत्री को कृपया अवश्य समझांए कि इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने से बचें एवं कोई भी समस्या होने पर विश्वविद्यालय प्रशासन, अधिकारी एवं अध्यापक को तुरन्त अपनी समस्या से अवगत कराये।

हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि हम समस्या का पूर्ण निराकरण करने का प्रयास करेंगे। विश्वविद्यालय में अनुशासन हेतु आपका पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।

आप अपने पुत्र/पुत्री को (यह समझाकर भेजें कि वे अनुशासनहीन विद्यार्थियों के बहकावे में न आकर अपने भविष्य पर ध्यान दे) दिनांक 04.09.2017, दिन सोमवार को विश्वविद्यालय में कक्षाएं करने के लिए भेजें। ऐसे विद्यार्थी जो अनुशासनहीनता में लिप्त पाये जाएगें उनके अभिभावको को विश्वविद्यालय द्वारा फोन पर सूचित कर दिया जाएगा और किसी भी हालत में अपने पुत्र/पुत्री को अकेले न भेजें तथा उनको साथ लेकर विश्वविद्यालय में आने का कष्ट करें अन्यथा उन्हें छात्रावास में रहने अथवा कक्षा में उपस्थित रहने की अनुमति नहीं होगी।

इस अनुशासनहीनता से व्यथित एवं निराश।



(अशोक कुमार सिंह)
कुलसचिव
जी एल ए विश्वविद्यालय

विशेषः विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.gla.ac.in पर एक शपथ पत्र का Performa (नमूना) दिया गया है। कृपया अपने बच्चे के साथ 10 रुपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र हस्ताक्षर सहित भेजें।

<u>अभिभावक का शपथ प्रमाण पत्र</u>

दिनांक ....

मैं ....(अभिभावक / पिता,...(छात्र / छात्रा का नाम विश्वविद्यालय अनुक्रमांक सहित) कक्षा..(पाठ्यक्रम), में जी0एल0ए0 विश्वविद्यालय में अध्ययनरत है, निवासी ....(पूर्ण पत्राचार का पता) निम्नवत वचन देता हूँ–

1. मैं **वचन देता हूँ** कि मेरा पाल्य न तो किसी अनुशासनहीनता की गतिविधि में भाग लेगा और न किसी को अनुशासनहीनता की गतिविधि में **भाग लेने के लिए** प्रेरित करेगा। जिसके **कारण** विश्वविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण दूषित / प्रभावित हो।
2. मैं एतद् द्वारा यह वचन देता हूँ यदि मेरा पाल्य विश्वविद्यालय / छात्रावास के निर्धारित नियमों का अनुपालन नही करता है और यदि विश्वविद्यालय अथवा सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा कोई दण्डनात्मक कार्यवाही की जाती है तो वह मुझे स्वीकार्य होगी।
3. मैं यह भी वचन देता हूँ कि छात्रावास में रहने के दौरान यदि मेरे पाल्य द्वारा किये गये दुर्व्यवहार, अनुशासनहीनता अथवा नियमों की अनदेखी से यदि विश्वविद्यालय संतुष्ट नही है तो तत्काल प्रभाव से मेरा पाल्य छात्रावास खाली कर देगा।

छात्र / छात्रा के हस्ताक्षर

पूरा नाम

अभिभावक / पिता के हस्ताक्षर

पूरा नाम

AFFIDAVITE BY PARENT/GUARDIAN

I, ……………………... (Full Name of Parent/Guardian) Father/ Mother/guardian of Mr./Ms. ……………………………(Name of Student with University Roll No), a permanent resident of Vill/Town…………………………, Post-………………. District…………………. State…………., a student of V Semester …………………Course/Branch in GLA University, Mathura, undertake and declare the following:

1. I promise that my ward will abide by the discipline Rules of the University and hereby undertake that my ward shall neither indulge himself/herself nor instigate any other student(s) in such activities or create or instigate or compel other to cause or create nuisance in the academic atmosphere of the University.
2. I hereby affirm that, if my ward is found guilty in disobeying the hostel and University rules & regulations, he/she will be liable for punishment according to the University/Hostel rules and regulations as decided by University discipline committee/Proctorial Board and duly approved committed by University Authorities.
3. I also declare that if the conduct of my ward during his/her stay in the hostel is found unsatisfactory, due to his/her negligence, misbehavior & indiscipline, he/she will immediately vacate the hostel if ordered to do so.

Signature of Student	Signature of Parent/Guardian
Name of Student	Name of Parent/Guardian

Date: